अपनी बात

अनिल कुमार नाहर, 9109999906
270, जवाहर मार्ग, इन्दौर452002

ईवी से जानमाल का अकस्मात खतरा हो सकता है अतः सर्तकता (सावधानी) बरते

अभी कुछ दिन पहले इन्दौर शहर की ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी में जघन्य कांड हुआ। अतः ईदी वाहनों के मालिकों और चालकों को सभी तरह से सावधानियां बढ़ाना चाहिए। ईवी लॉक्स भी खतरों से कम नहीं है। कॉलोनियों-मोहल्ले की भी सकड़ी गलियां सड़कें भी खतरनाक हो सकती है।

श्वेताम्बर जैन समाज के परिवार और बाहरी बिहारी परिवारों की आगजनी से 8 सदस्यों को जलने से खाक हो गए और पुरी कॉलोनी में हा-हाकार मच गया। केन्द्र सरकार और प्रदेश एवं बिहार की सरकारों ने मृतको को 2-2 लाख रूपए मदद की घोषणा की।

ईवी कार गरम होने पर चार्जिंग पर तुरंत नहीं लगाना चाहिए उससे आगजनी का खतरा परिवार और निवास में अचानक बना रहता है। इस खतरे को देखते हुए शहर में समस्त प्रकार के ईबी वाहनों पर भयंकर प्रभाव पड़ सकता है।

आजकल आधुनिक बंगलो, मल्टियों, माल्स, शोरूम आदि में सबकुछ इलेक्ट्रिक इलेक्ट्रॉनिक्स वाईफाई के संयंत्र लग रहे है जो भविष्य में खतरों से जान माल की जोखिम भरी निशानी है। इसे समय रहते ध्यान नहीं दिया तो भयंकर बर्बादी हो सकती है।

लोकल स्पोर्ट्स

विशाल कुशवाह बने विजेता

इन्दौर (ई) इंदौर फेसिंग स्पोर्ट्स डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित पाक्षिक व्हीलचेयर फेसिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल और आत्मविश्वास का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के सेबर इवेंट में रोमांचक फाइनल मुकाबले में विशाल कुशवाह ने दिलीप डावर को 15-14 अंकों से पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। कोच मास्टर सईद आलम से विशाल नियमित कोचिंग ले रहे हैं ।

तीन दिवसीय हॉकी अंपायर एवं तकनीकी अधिकारी, कोचिंग वर्कशॉप 26 से

इन्दौर (ई) आगामी 26 जुलाई से हॉकी इंडिया के तत्वावधान मे अंपायर, तकनीकी अधिकारी एंव कोचिंग वर्कशॉप आयोजित की जा रही है। इन्दौर हॉकी एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश मेदोला व सचिव किशोर शुक्ला ने बताया कि हॉकी इंडिया मध्यप्रदेश के महासचिव लोक बहादुर के मार्गदर्शन मे 28 जुलाई तक जबलपुर मे आयोजित होने वाली इस कोचिंग वर्कशॉप में वे ही खिलाडी भाग ले सकते है जिन्होंने हॉकी इंडिया नेशनल हॉकी चैंपियनशिप व नेशनल गेम्स मे भाग लिया है, अथवा आल इंडिया यूनिवर्सिटी हॉकी जोनल मे कम से कम दो बार या खेलो इंडिया यूथ गेम्स, खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स मे भाग लिया हो। अंपायर व तकनीकी अधिकारी एंव कोचिंग के लिए आयु 35 वर्ष से कम होना चाहिए।

6ठीं इंटर स्कूल 6 रेड स्नूकर टूर्नामेंट-मृत्युंजय, मनन, युग व शोभित अगले दौर में

इंदौर। मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स व स्नूकर एसोसिएशन द्वारा नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में आयोजित की जा रही 6ठीं इंटर स्कूल 6 रेड स्नूकर टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे है ।

बालक वर्ग के प्रथम दौर के मुकाबलों में मृत्युंजय वर्मा, मनन अग्रवाल, युग पटेल, शोभित प्रजापत और राघव सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश कर लिया है। शहर के युवा खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी मजबूती से रख रहे हैं।

प्रथम दौर के प्रमुख मुकाबलों के परिणाम-

पहले दौर में कांटे की टक्कर देखने को मिली, जहाँ कई खिलाड़ियों ने कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज की-

मृत्युंजय वर्मा (मां कनकेश्वरी स्कूल) ने ईशान राजदेव (NDPS) को 2-1 से हराया।

मनन अग्रवाल (NDPS) ने अपनी ही स्कूल के अदनान को 2-1 से मात दी।

युग पटेल (NDPS) ने ऋग्वेद राठी (शिशुकुंज इंटरनेशनल) को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से शिकस्त दी।

राघव सोनी (श्री एकेडमी महू) ने अमिन मुलतानी (NDPS) पर 2-1 से करीबी जीत दर्ज की।

शोभित प्रजापत (श्री सत्यासाई विद्या विहार) ने उजेर खान (NDPS) को 2-0 से पराजित किया।

एकतरफा मुकाबलों में चमके युवा खिलाड़ी-

टूर्नामेंट के अन्य मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाए रखा और सीधे फ्रेमों में जीत हासिल की-

विजेता खिलाड़ी	स्कूल	पराजित खिलाड़ी	स्कूल	स्कोर
कृष्णा पटेल (NDPS)	अर्शवरी सोनी	शिशुकुंज स्कूल		2-0
लक्ष्य सतनानी (NDPS)	हार्दिक दम्मानी	(NDPS)		2-0
पर्व बंगा	शिशुकुंज स्कूल	लविश सारड़ा	(NDPS)	2-1
कुशल मंदवानी (NDPS)	लक्ष्य सिंह	सत्यसाई स्कूल		2-0
अंश कोठारी (NDPS)	भवंस श्रीवास्तव	सत्यसाई स्कूल		2-0
राजविर कटारिया (NDPS)	शुभ मित्तल	सत्यसाई स्कूल		2-0
अर्शवीर कोहली	दिल्ली पब्लिक स्कूल	गौरव तलरेजा विन्सम कॉन्वेंट		2-0

जाहिर सूचना (for Dup. Policy)

यह कि मेरी मनोज जैन पता ONYX 1 Silver springs Phase-2, Bypass, Ralamandal, Indore की बीमा पॉलिसी नम्बर 345877045 जोकि मेरे द्वारा भा.जी.बी.नि. शाखा CB03 इन्दौर से करवाई थी उक्त पॉलिसी के पॉलिसी बॉण्ड कहीं खो गये हैं। मैंने उक्त पॉलिसी का संपूर्ण रिकार्ड भा.जी.बी.नि. शाखा क्रं. 3 पालिका प्लाजा इन्दौर में स्थानांतरित करवा ली हैं। मेरे द्वारा उन पॉलिसी पर कोई लोन या उक्त पॉलिसी बॉण्ड कहीं बंधक नहीं रखी हैं। इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो भा.जी.बी.नि. शाखा क्रं. 3 पॉलिका प्लाजा इन्दौर में संपर्क कर अपनी आपत्ति 15 दिन में दर्ज करवायें इसके पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

नाम- मनोज जैन, मोबाईल नम्बर 9827022228
पता- ONYX 1, silver springs Phase-2 Bypass, Ralamandal, Indore.452020 (M.P.)

60 से अधिक महानुभावों का स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

मालव रत्न अवार्ड का 11वां सम्मान समारोह सम्पन्न

इन्दौर। इन्दौर धारा राष्ट्रीय मासिक पत्रिका के द्वारा अभिनव कला समाज परिसर में 11वां मालव रत्न अवार्ड का आयोजन 12 जुलाई को रखा गया। इसमें प्रदेश के 20 से अधिक जिलों से तथा शहर के वरिष्ठ नागरिक शायर, कवि, पुलिस थाना प्रभारी, डाक्टर, इंजीनियर, खिलाड़ी, पत्रकार, वकील, आयुर्वेदाचार्य, साहित्य रत्न, शोधाचार्य, विचारक, चिंतक आदि का स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

सर्वप्रथम विद्या की देवी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर शीतल ठाकुर, प्रदेश के पूर्व मंत्री योगेन्द्र महंत, भंवरसिंह चौधरी, मंडी सचिव श्री खेड़े, पुष्पगिरी महाराज, इन्दु मंगलेश ने मां सरस्वती का पूजन स्तुति करके पुष्पमाला अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मालव रत्न अवार्ड कार्यक्रम में अभिनव कला समाज का हाल पूरी तरह से भरा हुआ था। कार्यक्रम की शरुआत में संचालक शौकत अली मंसूरी ने सम्मानित होने वाले सभी के नाम से उन्हें अपने स्थान पर बैठने का अनुरोध किया। इसके बाद कवि, शायर और अन्य महानुभावों ने अपने विचार भी रखे।

विधिवत तरीके से मुख्य अतिथि योगेन्द्र महंत पूर्व राज्यमंत्री, गौ सेवा अध्यक्ष भंवरसिंह चौधरी, महामंडलेश्वर उज्जैन के शीतल ठाकुर, पुलिस थाना प्रभारी श्री गुर्जर, स्टेट प्रेस क्लब के संयोजक प्रवीण खारीवाल, श्रीमती विमला जोशी, उर्मिला चौधरी, परसराम श्रीवास्तव, शौकत अली मंसूरी का केसरिया दुपट्टा एवं पुष्पमाला से स्वागत सत्कार किया। कायक्रम में शाजिद अली शायर कवि ने भी अपनी रचना पढ़कर सुनाई।

स्वागत समारोह के पश्चात विभिन्न जिले महाराष्ट्र, नागपुर, जबलपुर, नीमच, बदनावर, उज्जैन, खंडवा, भोपाल, रतलाम, देवास आदि शहरों से महिला-पुरुष, खिलाड़ी, डाक्टर, साहित्यकार, पत्रकार, वकील, आयुर्वेदाचार्य विचारकों ने अपने विचार रखकर आयोजकों को प्रतिवर्ष होने वाले मालव रत्न अवार्ड के लिए संचालक परसराम श्रीवास्तव को बधाई देकर उनकी प्रशंसा की। संचालनकर्ता ने एक-एक करके उपस्थित सभी महानुभावों को मंच पर बुलाकर अतिथियों के कर कमलों से केशरिया दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करवाया।

स्वागत सम्मान समारोह दोपहर 12 बजे से सतत दो बजे तक चलता रहा। कायक्रम स्थल पर आयुर्वेदिक दवाओं का भी स्टाल लगाया गया था। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्वक और सम्मानित तरीके से चलता रहा। सभी सम्मानित महानुभावों ने आयोजक और संचालकों को बधाई देकर उनका मनोबल बढ़ाया। सफलतापूर्वक कायक्रम का संचालनकर्ता शौकत अली मंसूरी ने सभी का आभार माना।

6 राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन की तिथि बढ़ाई

इन्दौर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य और जिला स्तरीय पुरस्कारों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दिया गया है।

विभाग को पूर्व में तय समय-सीमा के भीतर बेहद कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके चलते जमीनी स्तर पर काम करने वाले वास्तविक हकदारों तक पहुँचने के उद्देश्य से आवेदन की तिथि बढ़ा दी गयी है। कुल छह अलग-अलग श्रेणियों में राज्य और जिला स्तर पर पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसमें विजेताओं को एक लाख रुपये तक की सम्मान निधि और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया जाता है।

इसके तहत बाल विवाह और दहेज जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने तथा पीड़ितों के पुनर्वास में योगदान देने वाली बालिकाओं और महिलाओं को रानी अवंती बाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

इसी प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, साक्षरता और पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में प्रमाणिक कार्य करने वाली महिलाओं को राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि इसी कार्य क्षेत्र में सक्रिय पुरुषों और स्वयंसेवी संस्थाओं (इलह्ड) के लिए श्री विष्णु कुमार महिला बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान से पुरस्कृत किया जायेगा।

अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लोहा लेने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए भी विभाग ने विशेष श्रेणियों को शामिल किया है। इनमें मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार और राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार प्रमुख हैं, जो उन महिलाओं और पुरुषों को दिए जाएंगे जिन्होंने वर्ष 2025 के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर किसी महिला के सम्मान और गरिमा की रक्षा की हो। मुख्यमंत्री नारी सम्मान रक्षा पुरस्कार राज्य स्तर पर चार और जिला स्तर पर दो विजेताओं को दिया जाएगा, जिसमें जिला स्तर पर पचास हजार रुपये की सम्मान राशि तय की गई है। इसके अतिरिक्त, अपने ऊपर हुए किसी भी प्रकार के हमले या हिंसा का डटकर मुकाबला करने वाली और आत्मरक्षा की अनूठी मिसाल पेश करने वाली जांबाज महिलाओं को अरुणा शानबाग वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

श्री साबू साहित्य सेवा हेतु सम्मानित किये गए

इंदौर। साहित्य सागर संस्था की 233 वीं मासिक गोष्ठी में आज अटल उद्योन गुरुमाता नगर में वरिष्ठ साहित्यकार डाक्टर कमल कुमार साबू को सम्मानित किया गया।

साहित्यकार श्री फूल सिंह यादव वशु की अध्यक्षता एंव श्री श्रीधर बर्वे के आतिथ्य में संस्था के अध्यक्ष डाक्टर रमेश शर्मा स्वतंत्र ने श्री साबू की साहित्य सेवाओं की चर्चा की विशेष अतिथि श्री वृजमोहन शर्मा थे शारदा वंदना श्री प्रहलाद चोरे द्वारा प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर वर्षा ऋतु की आगवानी में श्री अरविन्द जी आचार्य धमाका. श्री रामनाथ जी सरल, डॉक्टर राकेश प्रकाश निगम श्री गोकल प्रसाद तिवारी श्री मदनलाल अग्रवाल मधुर, श्री ग्रर्मित सिंह चावला. श्री प्रदीप शुक्ला, डाक्टर स्वतंत्र डाक्टर कमल साबू श्री प्रहलाल चोरे श्री फूल सिंह यादव, श्री श्रीधर बर्वे ने अपने ओजस्वी काव्य पाठ से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। डॉक्टर रमेश शर्मा स्वतंत्र ने आगामी स्मारिका प्रकाशन की जानकारी दी।

विश्व कुश्ती के लिये हंगरी रवाना हुई प्रियन्शी प्रजापति, मध्यप्रदेश में खुशी की लहर

इंदौर मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि आज विश्व रैंकिंग कुश्ती के लिये प्रियन्शी प्रजापति हंगरी के

लिये रवाना हुई। जहाँ 15 से 18 जुलाई तक विश्व रैंकिंग कुश्ती चेम्पियनशिप होगी। प्रियांशी पूर्व में भी जूनियर विश्व मे कांस्य पदक जीत चुकी है व पिछले वर्ष विश्व रैंकिंग मे रजत भी जीत चुकी हैं,हालही में राष्ट्रीय विजेता का खिताब मध्यप्रदेश को दिलाया ,इनकी तमाम अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियो से मध्यप्रदेश में हर्ष हैं वहाँ पर भी जीते यहीं कामना, ओलपम्पियन पप्पू यादव,मध्यप्रदेश कुश्तिसंघ के अध्यक्ष श्री नारायण जी यादव,विक्रम अवार्डी ओमप्रकाश खत्री,सुरेश यादव,गोविन्द गुज्जर,विकाश यादव,उज्जैन के विजय चौधरी, उमेश ठाकुर, सत्यनारायण भोसरिया,लीलाधर जाधव,दारा सिंग राणा,मुकेश प्रजापति।

इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में LKP ने जीते 48 पदक

इंदौर। इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में LKP (ललित कला परिसर) के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 21 स्वर्ण, 16 रजत एवं 11 कांस्य सहित कुल 48 पदक जीतकर इंदौर एवं मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाया।

प्रतियोगिता की कुमीते (फाइट) स्पर्धा में टीम ने 12 स्वर्ण, 9 रजत एवं 3 कांस्य सहित कुल 24 पदक अर्जित किए। स्वर्ण पदक विजेता रहे- रीत पांचाल, आरना तिवारी, आराध्या जैन, हनी बैद्य, आरोही ठाकुर, सृष्टि गायकवाड़, फाल्गुनी यादव, प्रज्ञा कुमावत, बरखा कुमावत, अतिशय जैन, एकाग्र अग्रवाल एवं कल्प शाह। रजत पदक विजेता रहे- रिया सिंह, मानवी कुमावत, गुंजन नागर, मायरा चौरसिया, मृणालिनी बोहरा, लक्षिता हाड़ा, अन्वेषा दुबे, आकृति सिंह एवं अविरल सोनी। कांस्य पदक विजेता रहे-आशी श्रीवास्तव, अनाहिता मिश्रा एवं आर्जव जैन।

काता स्पर्धा में LKP के खिलाड़ियों ने 9 स्वर्ण, 7 रजत एवं 8 कांस्य सहित कुल 24 पदक जीते। स्वर्ण पदक विजेता रहे- रिया सिंह, आरोही ठाकुर, रीत पांचाल, मानवी कुमावत, गुंजन नागर, प्रज्ञा कुमावत, बरखा कुमावत, आर्जव जैन एवं अविरल सोनी। रजत पदक विजेता रहे मायरा चौरसिया, अनाहिता मिश्रा, अन्वेषा दुबे, फाल्गुनी यादव, लक्षिता हाड़ा, आकृति सिंह एवं अतिशय जैन। कांस्य पदक विजेता रहे - मृणालिनी बोहरा, हनी बैद्य, आरना तिवारी, आराध्या जैन, आशी श्रीवास्तव, सृष्टि गायकवाड़, एकाग्र अग्रवाल एवं कल्प शाह।

LKP के संचालक एवं मुख्य प्रशिक्षक डॉ. ललित पानेरी ने इस उपलब्धि पर सभी खिलाड़ियों, उनके अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं अभिभावकों के सहयोग का यह शानदार परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि LKP के खिलाड़ी भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर इंदौर, मध्यप्रदेश तथा देश का नाम रोशन करेंगे।

CHANGE IN NAME

I NARENDRA AHUJA S/O RAMESH KUMAR AHUJA Hereby Declare That I Have Changed My Name To NARENDRA KUMAR AHUJA S/O RAMESH KAUMAR AHUJA, So Far Now And In Future I Will Be Known By My New Name for All Purposes.

NARENDRA KUMAR AHUJA
S/O RAMESH KUMAR AHUJA
ADD:- FLAT NO. 201 CHANDRA DARSHAN APARTMENT SCHEME NO. 103 APNA REHWASI SANGH INDORE M.P. 452012

शांति बैठक
बोलो जय जय जय जय जय

श्री महादेव जी की इच्छा से, श्री गुरूदेव आचार्य श्री आशिषकृष्णाजी एवम् आचार्य श्री अशिकृष्णाजी की ज्येष्ठ बहन परमपूज्या

सुश्री शिला दीदी

का आकस्मिक अहालोक गमन आषाढ़ कृष्ण चतुर्दशी 13/7/2026 ई. को हो गया है। नियमित शांति बैठक आषाढ़ शुक्ला द्वितिया से आषाढ़ शुक्ल अष्टमी 15 जुलाई से 23 जुलाई तक संध्या 7 से 8 बजे श्रीएडेन्ट्रेव मिल निवास पर रहेगी। रात्रि 8:30 से नियमित वैराग्य एवम् जीवनशुद्धि मूलक उपाधेश होंगे।
स्थान: श्री गुरुदेव निवास (23 सीटी मोहल्ला नॉवेल्टी मार्केट के पीछे, इंदौर)

।। श्रीभगवद्भक्त मण्डल ।।
।। श्री आशीष कृष्ण परिवद्।।

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 20 इंदौर जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती कृष्णा भागवत पिता श्री मनोहर राव द्वारा झोन क्रमांक 20 राजस्व विभाग पर नामांतरण के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर खाता क्रमांक 1001233055 पता म.नं. 295, जय भवानी नगर इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14.07.2026 से सात दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 20, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

कार्यालय नगर पालिक निगम, झोन क्र. 9 इंदौर जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती संजना चौहान पति राजेश चौहान द्वारा झोन क्रमांक 9 राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर निगम रिकार्ड में दर्ज सम्पत्तिकर खाता क्रं. 1001065057 के संबंध में रजिस्ट्री/विक्रय पत्र पंजीकृत हक-त्याग, वसीयतनामा, वारिसनाते, पंजीकृत दानपत्र संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर पता 19-16 विश्राम कॉलोनी, 404 मंगलम हाईट्स इन्दौर पर नामांतरण चाहा गया है।

इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 14.07.2026 से 7दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 9 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 9, नगर पालिक निगम, इंदौर
इन्दौर समाचार

// कार्यालय कलेक्टर (कॉलोनी सेल) जिला इंदौर //

क्रमांक/2188/40/400/2026 इन्दौर, दिनांक. 10/07/2026

:: विज्ञप्ति ::

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 (क्रं. 1 सन् 1994) और उसके अधीन बनाए गए मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत (कॉलोनियों का विकास) नियम 2014 के नियम 9 के अधीन प्रदाय ग्राम- ताजखेड़ी, तहसील- देपालपुर, जिला- इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 50/2 फेमस विला व अन्य कुल रकबा 8.680 हे. पर आवासीय भूखण्ड विकास प्रयोजन हेतु (कॉलोनी) की संशोधित विकास अनुज्ञा प्रदान के आवदेन के संबंध में दावे-आपत्ति आमंत्रित करने बाबद् ।

-00-

जन सामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रिमीयम स्लोबल रियलिटी इंडिया प्रा.लि. तर्फे डायरेक्टर सुदेशन कुमार बंडी पिता स्व. श्री शांतीलाल जी बंडी इन्दौर म.प्र. पता- 401, स्टारलिट टॉवर 29 वाय एन रोड, इन्दौर (म.प्र.) द्वारा नीचे दी गई कॉलोनी की कॉलोनी विकास अनुज्ञा हेतु कलेक्टोरेट हेल्पलाईन, जिला- इन्दौर में दिनांक 02.07.2026 को आवेदन प्रस्तुत किया गया।

1. कॉलोनी का नाम : फेमस विला

2. अवस्थिति (अवस्थिति / ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) ग्राम- ताजखेड़ी, तहसील- देपालपुर, जिला- इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 50/2, 51/4, 51/6, कुल रकबा 8.680 हे.।

3. विकास का प्रयोजन : आवासीय भूखण्डीय विकास प्रयोजन ।

4. पूर्व टीएण्डसीपी क्रमांक- संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय द्वारा स्वीकृत अभिन्यास पत्र-क्रमांक 2642/एस.पी./पी/41/11/न्यायि/2013 इन्दौर, दिनांक 06.04.2013 वर्तमान टीएण्डसीपी क्रमांक- संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय जिला इन्दौर के द्वारा स्वीकृत संशोधित अभिन्यास पत्र क्रमांक पत्र क्रमांक PITLP21042539142 दिनांक 10.04.2026

उक्त आवेदित भूमि सर्वे नंबर 50/2, 51/4, 51 /6, कुल रकबा 8.680 हे. भूमि पर आवेदक प्रिमीयम स्लोबल रियलिटी इंडिया प्रा.लि. तर्फे डायरेक्टर सुदेशन कुमार बंडी पिता स्व. श्री शांतीलाल जी बंडी इन्दौर म.प्र. पता- 401, स्टारलिट टॉवर 29 वाय एन रोड, इन्दौर (म.प्र.) को कार्यालय कलेक्टर जिला इन्दौर द्वारा कॉलोनी विकास अनुमति प्र.क्र. 46 /अ-2/2013 दिनांक 17. 05.2013 को प्रदाय की गयी थी। आवेदक द्वारा संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय जिला इन्दौर के द्वारा स्वीकृत संशोधित अभिन्यास पत्र - क्रमांक पत्र क्रमांक PITLP21042539142 दिनांक 10.04.2026 द्वारा संशोधित अभिन्यास स्वीकृत कराकर संशोधित विकास अनुमति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त के संबंध मे यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति/सदस्य को ग्राम- ताजखेड़ी, तहसील- देपालपुर, जिला- इन्दौर स्थित भूमि सर्वे नंबर 50/2 व अन्य कुल रकबा 8.680 हे. पर आवासीय भूखण्ड विकास प्रयोजन हेतु (कॉलोनी - फेमस विला) कॉलोनी की संशोधित विकास अनुमति दिये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा किसी हितबद्ध व्यक्ति द्वारा आवेदित भूमि पर किसी भूखण्ड का क्रय/विक्रय/विक्रय अनुबंध किया हो तो अपनी आपत्ति कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 111 में कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। निर्धारित दिनांक या समय के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी,
कॉलोनी सेल, जिला-इन्दौर (म.प्र.)

पंजी.क्रं. 113/दिनांक 25-10-1958 नेहरू नगर सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्यादित, इंदौर (म.प्र.)

404/6, नेहरू नगर, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक ..... दिनांक 14/07/2026

भवन क्रमांक 515/7 नेहरू नगर इंदौर के नाम नामांतरण बाबद्

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 515/7 नेहरू नगर इन्दौर संस्था सदस्य में श्री राजेन्द्र पिता बालुराम अजमेरा के नाम पर नामांतरण है।

उक्त भवन साईज 10 फीट बाय 50 फीट (कुल 500 वर्गफीट) का क्रय श्री राजेन्द्र पिता बालुराम से श्री रामकुमार पिता श्री रामबाबू पाल से किया गया है।

श्री रामकुमार पिता श्री रामबाबू पाल अपने द्वारा क्रय किये गये भवन का नामांतरण संस्था में करवाना चाहते है। उक्त भवन का नामांतरण इनके नाम करने में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में लिखित आपत्ति संस्था कार्यालय में मय प्रमाणित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत करें।अवधि समाप्ति के पश्चात किसी भी पक्ष की आपत्ति संस्था पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा आवेदक के पक्ष में नामांतरण कर दिया जावेगा। सो विदित हो।

उपाध्यक्ष
नेहरू नगर सहकारी गृह निर्माण संस्था मर्या. इंदौर
404/6, नेहरू नगर, इन्दौर (म.प्र.)

कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक INDLP04062615685/ दिनांक / 14/JUL/2026
क्र./2067 दिनांक 13/JUL/2026

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2014 के नियम 14(3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपांतरण की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/मेसर्स (RAJEEV JI)-Space Enclave Private Limited Tarfe Director Mr. Rajeev Shrivastava S/o Shri La&man Prasad Shrivastava द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है-

(क) परियोजना का नाम- RAS CITY

(ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक)- पूर्व स्वीकृत ग्राम Sukalya तहसील Malharganj व जिला Indore की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 302/1 (S), 302/2 (S), 302/3 (S), 302/4 (S), 303/1/1 (S), 303/1/2 (S), 303/1/3 (S), 303/1/4 (S), 303/1/5 (S), 303/1/6 (S), 303/2 (S), 304/1 (S), 309/2 (S), 310/1/2 (S), 350/1 (S), 350/3 (S), 350/4 (S) कुल रकबा 4.804 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।

(ग) विकास का प्रयोजन- RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOT-PLOTTED HOUSING

(घ) स्वीकृति क्रमांक- INDLP4072 दिनांक 2019-09-07

पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति, उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवा https://alpass.mp.gov.in/Web/Objection.aspx?RefApp=WKkZyE3Ssg2067 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://alpass.mp.gov.in/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, जिला इन्दौर (म.प्र.)